# Activities conducted under EBSB for the month of May, 2020

## L.N.D. College, Motihari

**East Champaran, Bihar-845401**
**(A constituent Unit of B.R.A. Bihar University, Muzaffarpur)**
**NAAC accredited by B+**

| Sl. No. | Name of the College | Name of Activities undertaken | Date | No. of participants | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | **Laxmi Narayan Dubey College, Motihari** | 1. Essay writing competition | 5th to 8th May,2020 | 50 | Successful |
| | | 2. Mask distribution | 3rd May,2020 | 20 | Successful |
| | | 3. Awareness Programme on Covid-19 | 5th May,2020 | 20 | Successful |
| | | 4. NSS Online conference & Awareness Programme on Covid-19 | 20th May,2020 | 12 | Successful |
| | | 4. Motivational speech by the College Principal by Facebook Live | 24th May,2020 | 4000 | Successful |

**<u>Some glimpses and newspaper reports on the events are showing below:</u>**

**आयोजन** विश्वविद्यालय के निर्देश पर एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत संचालित हो रही गतिविधियां

# एलएनडी में ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता आज से

जासं, मोतिहारी : विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार कॉलेज में शिक्षा से जुड़ी ऑनलाइन गतिविधियों को गति देने का काम किया जा रहा है। मोतिहारी के अंगीभूत महाविद्यालयों ने इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए विद्यार्थियों को ऑनलाइन शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़ना शुरू कर दिया है। इस क्रम में एलएनडी कॉलेज द्वारा हाल ही में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। इस संबंध में प्राचार्य डॉ. अरूण कुमार ने बताया कि कोरोना संकट के कारण लागू लॉकडाउन में विद्यार्थियों की सृजनशीलता का प्रोत्साहन जरूरी है। इसी कड़ी में भारत सरकार के एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत पांच मई (मंगलवार) से आठ मई संध्या 4:00 बजे तक ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। निबंध का विषय 'कोरोना संकट : आत्मरक्षा ही राष्ट्र सुरक्षा' निर्धारित किया गया है। इसके लिए तीन सौ शब्दों की सीमा तय की गई है। इस प्रतियोगिता में एलएनडी कॉलेज के नामांकित इंटरमीडिएट, अंतरस्नातक, परास्नातक, शिक्षा स्नातक सहित सभी संकायों के विद्यार्थी ही भाग लेंगे। ह्वाट्सएप ग्रुप में हिंदी-अंग्रेजी माध्यम से हस्तलिखित या टंकित प्रेषित निबंध के साथ नाम, सत्र, विषय, कक्षा, क्रमांक एवं दूरभाष संख्या अंकित करने का निर्देश दिया गया है। शर्तों की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी डॉ. कुमार राकेश रंजन ने बताया कि किसी दूसरे व्यक्ति की कृति (निबंध) की प्रतिलिपि चोरी साबित होने पर सक्षम प्राधिकार द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निबंध प्रतियोगिता में चयनित तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को लॉकडाउन उपरांत प्राचार्य द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।




**प्राचार्य ने की चार दिवसीय प्रतियोगिता की घोषणा**
**विद्यार्थियों को जोड़ा जा रहा ऑनलाइन शिक्षा से**



डॉ. अरूण कुमार • जागरण

# ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता में विभा रहीं अव्वल




- एक भारत- श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता



अवनीश • जागरण



विभा कुमारी • जागरण



निशा कुमारी • जागरण

जासं, मोतिहारी : भारत सरकार के एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय मोतिहारी द्वारा आयोजित ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समन्वयक डॉ. पिनाकी लाहा की देखरेख में विगत पांच से आठ मई तक आयोजित इस प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार ने बताया कि लॉकडाउन का पालन करते हुए विभिन्न संकायों के नामांकित छात्र-छात्राओं ने निबंध द्वारा कोविड-19 के विरुद्ध सशक्त व भावनात्मक लेखन के माध्यम से असीम राष्ट्रभक्ति प्रदर्शित की है। निबंध का विषय 'कोरोना संकट : आत्मरक्षा ही राष्ट्र सुरक्षा' निर्धारित था। प्रतिभागियों ने निबंध को व्हाट्सएप ग्रुप में प्रेषित किया। चार सदस्यीय निर्णायक मंडल द्वारा सभी निबंधों का गहन परीक्षण करते हुए सर्वश्रेष्ठ तीन प्रतिभागियों का चयन किया गया है। प्रथम स्थान विभा कुमारी (स्नातक राजनीतिशास्त्र तृतीय खंड), द्वितीय स्थान निशा कुमारी (स्नातक भूगोल तृतीय खंड) तथा तृतीय स्थान अवनीश कुमार (इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय) ने प्राप्त किया। मीडिया प्रभारी डॉ. कुमार राकेश रंजन के बताया कि प्रथम स्थान की प्रतिभागी विभा कुमारी ने गिरिजा कुमार माथुर के गीत 'छाया मत छूना मन, होगा दुःख दूना मन'''' का प्रसंग देकर शारीरिक दूरी का परामर्श देते हुए स्व-नियमन व स्व-सतर्कता को सबसे बड़ी ताकत बताया है। द्वितीय स्थान की प्रतिभागी निशा कुमारी ने अपने निबंध में लापरवाह लोगों द्वारा सरकारी दिशा निर्देशों के उल्लंघन को बेहद शर्मनाक, दुखद व चिंताजनक करार देते हुए पारस्परिक दूरी के माध्यम से राष्ट्रहित के संवर्धन का संदेश दिया है।

# कोरोना संकट के इस काल में राजाबाजार स्थित २५ बिहार बटालियन एन.सी.सी.द्वारा समाज सेवा का कार्य अनवरत जारी



सम्राट, संवाददाता, न्यूज टुडे




कोरोना संकट के इस काल में राजाबाजार स्थित 25 बिहार बटालियन एन.सी.सी.द्वारा समाज सेवा का कार्य अनवरत जारी है।इस क्रम में जहां आज एक ओर समाज के गरीब और निःसहाय बच्चों को सोशल डिस्टेंसिंग का खयाल रखते हुए गरम गरम नाश्ता कराया गया।

वहीं दूसरी ओर एन.सी.सी.सीनियर विंग की कैडेटों द्वारा अपने हाथों से तैयार किया गया 50 मास्क लोगों को प्रदान किया गया। बटालियन कमांडर कर्नल विक्रम सेढ़ा ने बतलाया कि कल 100मास्क और बांटे जाएंगे।उन्होंने बतलाया कि जिला प्रशासन के सहयोग में बटालियन के कुल 103 कैडेट्स शहर के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर अपने दायित्व का निर्वाह पूरी लगन एवम् ईमानदारी के साथ कर रहे हैं।

एन.सी.सी.पदाधिकारी कैप्टन राजेश कुमार, कैप्टन अरुण कुमार और थर्ड ऑफिसर उमेश कुमार कैडेटों का दिशा निर्देश मनोयोग पूर्वक कर रहे हैं। इसी क्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच,बलुआ और प्रधान डाक घर में आनेवाले लोगों और विशेष कर महिलाओं को कैडेटों ने सोशल दिस्टेंसिंग के तहत एक एक मीटर का फासला रखते हुए लाईन में लगवाया।

दैनिक भास्कर
05-May-2020
मोतीहारी Page 3

# लॉकडाउन में प्रशासन का बेहतर सहयोग करने पर एनसीसी कैडेट्स हुए सम्मानित

## लगातार 25 दिनों से पुलिस बल के साथ कोरोना के खिलाफ कर रहे हैं जागरूक

भास्कर न्यूज़ | मोतिहारी

25 बिहार बटालियन एनसीसी मोतिहारी के सीनियर कैडेटों ने लगातार 25 दिनों तक पुलिस बल के साथ मिलकर कोविड 19 के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। जिला प्रशासन के आदेशानुसार एनसीसी कैडेटों ने तीन मई तक अपनी सेवा प्रदान की। एनसीसी कैडेट्स को फूल और चादर ओढ़ा कर सम्मानित किया गया।



फूल और चादर से सम्मानित एनसीसी के कैडेट्स।

इसमें लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय के सीनियर अंडर ऑफिसर सर्वेश कुमार श्रीवास्तव, अंडर ऑफिसर संजीव राज, कैडेट रोहन कुमार सराफ, गोलू कुमार सिंह, विक्की कुमार, मंजय कुमार यादव आदि कैडेट्स को सम्मानित किया गया। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विक्रम सेढ़ा ने बताया कि लगातार 25 दिनों से कैडेट्स कोरोना के खिलाफ अपना योगदान देते आ रहे हैं। कैप्टेन राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि कोरोना के इस गंभीर संकट में जागरूकता अभियान चलाया। सूबेदार हीरा बहादुर गुरुंग ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स द्वारा मास्क बनाया गया और सभी लोगों के बीच वितरण किया गया। मौके पर बीएचएम ईश्वर राना भट, सागर कुमार, हवलदार रैंक के पीआई स्टाफ पूरन थापा, नायक दिनेश, वीर बहादुर गुरुंग, क्लर्क मो. निजामुद्दीन, लालबाबू राय आदि मौजूद थे।

दैनिक भास्कर | 03-May-2020
मोतीहारी Page 3

# अपनी सेवा से मिसाल कायम कर रहे एनसीसी कैडेट

एजुकेशन रिपोर्टर|मोतिहारी




बैंक के बाहर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते एनसीसी कैडेट।

25 बिहार बटालियन एनसीसी मोतिहारी के एनसीसी कैडेट्स कोरोना वायरस के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने बताया कि कोरोना वैश्विक महामारी में एनसीसी कैडेट पुलिस के साथ मिलकर अपने दायित्व का निर्वाह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कर रहे हैं। 25 बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विक्रम सेढ़ा ने बताया कि शनिवार को लगातार 23वें दिन एनसीसी कैडेट्स ने कोरोना के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। वहीं लक्ष्मी नारायण दुबे कॉलेज मोतिहारी के कैप्टेन राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि कोरोना से बचने के लिए जारी लॉकडाउन के दौरान एनसीसी कैडेट्स का योगदान सराहनीय है। सूबेदार हीरा बहादुर गुरुंग ने बताया कि कोरोना महामारी में एनसीसी कैडेट्स का बहुत ही बड़ा योगदान रहा है। बीएचएम ईश्वर राना भट ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स सीनियर कैडेटों में गर्ल्स और ब्वॉयज कैडेटों ने मोतिहारी के हर सब्जी मंडी और चौराहे पर ड्यूटी लगाई गई है। लक्ष्मी नारायण दुबे कॉलेज मोतिहारी के सीनियर अंडर ऑफिसर सर्वेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स गरीबों को खाना खिला रहे हैं। लोगों के बीच मास्क भी बांट रहे हैं। सीनियर अंडर ऑफिसर प्रीति कुमारी, सार्जेंट कौशिक कुमार दुबे, कैडेट रवि राज कुमार, गौरव कुमार, संजीव राज, गोलू कुमार, विक्की कुमार, रोहन कुमार, अनु कुमारी, अंजनी कुमारी आदि कैडेट ने सेवा प्रदान की। इनका नेतृत्व हवलदार रैंक के पीआई स्टाफ पुरन थापा, नायक दिनेश, वीर बहादुर गुरुंग, क्लर्क मो. निजामुद्दीन, लाल बाबू राय आदि ने किया।



**राधा मोहन सिंह Radha Mohan Singh**

36 mins ·

25 बिहार बटालियन एन.सी.सी. के कैडेटों द्वारा कोरोना संकट के इस समय जिलें में स्वनिर्मित मास्क बांटने, गरीब बच्चों को भोजन प्रदान करने और लोगों को सोशल डिस्टेसिंग के महत्व को समझाए जाने के कार्य किये जा रहे हैं। आज इन सभी कैडेटों के लिए सैनिटाइजर उपलब्ध करवाया।
**#IndiaFightsCorona**



# कोरोना संकट में एनएसएस के कार्यों की हुई समीक्षा

मोतिहारी | निज प्रतिनिधि

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तहत क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देशानुसार कोरोना संकट में एनएसएस के कार्यों की समीक्षा की गयी। पूर्वी चंपारण के जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी, एनएसएस प्रो.दुर्गेश मणि तिवारी ने जूम ऐप पर समीक्षा बैठक का संचालन किया।

उन्होंने बुधवार को दो सत्रों की बैठक में क्षेत्रीय निदेशक विनय कुमार, बीआरएबीयू के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. वीरेंद्र चौधरी, सभी आठ महाविद्यालयों के कार्यक्रम पदाधिकारी एवं स्वयंसेवकों के साथ इस विपदा में एनएसएस द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इनके सराहनीय कार्य के प्रति संतोष भी व्यक्त किया। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि स्वयंसेवकों द्वारा स्वनिर्मित 594 मास्क समुदाय में वितरित किए गए हैं। मीडिया प्रभारी डॉ कुमार राकेश रंजन के अनुसार समीक्षा बैठक में सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, एनएसएस सहित अधिकांश स्वयंसेवक शामिल हुए।